दिन– रविवार दिनांक– 16 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्नीस जून को एक दिवसीय दौरे पर राजगीर आ रहे हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का करेंगे उद्‌घाटन।
02. प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छियालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।
03. प्रदेश में मॉनसून के बीस जून तक पहुंचने के आसार। उन्नीस जून की शाम प्रदेश में उत्तर–पूर्व से मॉनसून करेगा प्रवेश।
04. और, आज गंगा दशहरा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पटना, सिमरिया धाम, बक्सर, भागलपुर, मुंगेर और खगड़िया के विभिन्न गंगा घाटों पर सुबह से ही स्नान कर रहे हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्नीस जून को एक दिवसीय दौरे पर राजगीर आ रहे हैं। श्री मोदी नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का उद्‌घाटन करेंगे। साथ ही वे विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित भी करेंगे। नालंदा के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री का प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों के अवलोकन का भी कार्यक्रम है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अठारह जून को पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बीस हजार करोड़ रुपये वितरित करेंगे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह राशि नौ करोड़ तीन लाख किसानों के बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि पिछले दस वर्षों में अब तक ग्यारह करोड़ किसानों के खातों में तीन लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री जी के काशी के कार्यक्रम के साथ देश के अलग–अलग स्थानों पर अलग–अलग केन्द्रीय मंत्री जाएंगे, वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़ेंगे और वहां जो एकत्रित किसान होंगे उस कार्यक्रम के लिए उनसे वो संवाद भी करेंगे। सभी मंडियों में ब्लॉक स्थानों पर और कई राज्यों में हर गांव में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है और लगभग दो करोड़ किसान फिजिकली और वर्चुअली इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

---

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ आज संसद भवन परिसर में नवनिर्मित 'प्रेरणा स्थल' का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन में निवर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी शामिल होंगे।

---

रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि विभाग की पंचवर्षीय योजना में दवा सुरक्षा बढ़ाने, चिकित्सा उपकरणों में आत्मनिर्भरता बढाने, जन औषधि योजना के विस्तार पर बल दिया जायेगा। नई दिल्ली में विभागीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में सभी दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के निर्माण संयंत्रों को विश्व स्तरीय मानकों पर उन्नत करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया जायेगा।

---

उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नई सड़के और पुल निर्माण की योजना बनाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि यातायात को सुलभ और सुगम बनाने के लिए नई बाईपास सड़कों का चयन किया जाना चाहिए।

---

भाकपा–माले के महा सचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि माले की जीत हिन्दीपट्टी में वामपंथ के उभार का वाहक बनेगी। उन्होंने पार्टी के दो दिवसीय केन्द्रीय कमिटी की बैठक को संबोधत करते हुये कहा कि पूरे देश में लोकतंत्र के पक्ष में हवा चल रही है और इसमें नई राजनीतिक ताकतों को उभरने का मौका मिल रहा है।

---

श्रम संसाधन विभाग के प्रधान सचिव बी. राजेन्दर ने कहा है कि युवाओं में उन्नत कौशल के विकास से जीवन स्तर में व्यापक बदलाव आ रहा है। उन्होंने पटना में कौशल विकास पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार अब तेजी से बदल रहा है और यहां के युवाओं को भी रोजगार और सम्मान चाहिए। श्री राजेन्दर ने कहा कि राज्य सरकार ने इस दिशा में कई नीतिगत निर्णय लिये हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार को बढ़ावा देने के लिए अनेक स्तरों पर कोशिश की जा रही है।

---

प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। इससे जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार पटना, जहानाबाद,

नालंदा, गया, शेखुपरा, जमुई, सारण और नवादा के कुछ स्थानों पर आज भी लू और हीट वेव का प्रभाव रहेगा। ऐसी स्थिति प्रदेश के कई इलाकों में कल भी बनी रहेगी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छियालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अगले दो दिनों तक राज्य के दक्षिण और उत्तर–पश्मिची हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अलग–अलग जिलों में लू से तेरह लोगों की मौत हो गयी है। औरंगाबद में पांच, सारण और गया में तीन–तीन तथा रोहतास और भोजपुर में एक–एक व्यक्ति की लू से मौत हुई है।

---

राज्य में अब मानसून के पहुंचने में और चार दिन की देर होगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने पहले प्रदेश में सत्रह या अठारह जून को मानसून के पहुंचने की संभावना जताई थी। नये अनुमान के मुताबिक अब मानसून बीस जून को पहुंचेगा। मानसून उत्तर–पूर्व भाग से पूर्णिया या किशनगंज के रास्ते राज्य में प्रवेश करेगा। इसके प्रभाव से उन्नीस जून की शाम से बादल छाने लगेंगे।

---

आपदा प्रबंधन विभाग ने भीषण गर्मी और लू से बचने को लेकर कई दिशा–निर्देश जारी किये हैं। लोगों को धूप में नहीं निकलने की सलाह दी गयी है। यदि निकलना आवश्यक हो तो छाता का इस्तेमाल करने को कहा गया है। साथ ही लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य स्वास्थ्यवर्धक पेय–पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी गयी है। एम्स नई दिल्ली के चिकित्सक डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

–––बाईट–––

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लगभग बीस हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाई हैं, जिनमें लगभग चार करोड़ यात्रियों ने सफर किया है। उन्होंने दिल्ली में कहा कि वंदे भारत की स्लीपर श्रेणी का ट्रायल अगले दो महीने में शुरू हो जाएगा। फिलहाल वंदेभारत

एक्सप्रेस में केवल कुर्सी की सुविधा है। रेल मंत्री ने कहा कि वंदेभारत स्लीपर ट्रेन चलाने की मांग लगातार की जा रही थी। यह भारत की पहली स्वदेशी सेमी–हाईस्पीड ट्रेन है। श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले दस वर्ष में पैंतीस हजार किलोमीटर रेल ट्रैक बनाए गए हैं।

---

रेलवे का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। रेलवे को यह सम्मान कई स्थानों पर सार्वजनिक सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने पर मिला है। इस वर्ष छब्बीस फरवरी को रेल मंत्रालय के एक कार्यक्रम में दो हजार से अधिक स्थानों पर चालीस लाख उन्नीस हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेलवे पुलों पर सड़क के उद्घाटन और रेल स्टेशनों की आधारशिला रखने के किया गया था।

---

आज गंगा दशहरा है। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज ही के दिन पृथ्वी पर गंगा का अवतरण हुआ था। इस अवसर पर पटना, सिमरिया धाम, बक्सर, भागलपुर, मुंगेर और खगड़िया के विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही स्नान कर रहे हैं।

---

राजधानी पटना में पुलिस गश्ती को सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाया जायेगा। पटना के प्रभारी एस.एस.पी. रौशन कुमार ने बताया कि हर दिन जिले में तैनात एक आईपीएस अधिकारी गश्ती दल की निगरानी करेंगे और उनकी गतिविधियों की रिपोर्ट देंगे। उन्होंने कहा कि जीपीएस के माध्यम से गश्ती वाहनों के लोकेशन पर भी नजर रखी जायेगी।

---

केन्द्र सरकार ने कथित तौर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से जुड़ी एक फर्जी वेबसाइट की पहचान की है। यह वेबसाइट सरकारी नौकरी देने का दावा करती है और पंजीकरण शुल्क के रूप में चार सौ पैंतीस रुपये की मांग करती है। पीआईबी फैक्ट चेक ईकाई ने कहा है कि वेबसाइट का सरकार से कोई संबंध नहीं है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट सोशल जस्टिस डॉट जीओवी डॉट इन है।

---

साहित्य अकादमी ने इस वर्ष के साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार की घोषणा कर दी है। साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चौबीस लेखकों और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए तेईस लेखकों का चयन किया गया है। मैथिली भाषा में साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार जाने–माने लेखक नारायणजी को उनके कहानी संग्रह अनार के लिए दिया जाएगा। वे मधुबनी जिले के घोघरडीहा के रहने वाले हैं। वहीं, मैथिली भाषा में साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए मधुबनी जिले की ननोर गांव निवासी रिंकी झा ऋषिका का चयन किया गया है। उन्हें उनकी कविता संग्रह नदी घाटी सभ्यता के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

---

टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में, कल भारत और कनाडा के बीच मैच वर्षा के कारण रद्द हो गया। मैच में एक भी गेंद नहीं डाली जा सकी और दोनों टीमों को एक–एक अंक मिले। प्रतियोगिता में भारत सात अंकों के साथ अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। अमरीका ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा जबकि कनाडा की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

---

पटना जिले में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जागरूकता के लिए सत्ताईस जून से इकतीस जुलाई तक जिले सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जायेगा।

---

सहरसा में श्रम संसाधन विभाग की धावा टीम ने होटल में काम करने वाले दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। दोनों बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंप दिया गया है और होटल मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

---

पश्चिम चंपारण के मटियारिया थाना क्षेत्र के हौदा डुमरा गांव में असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिसमें एक सब इंस्पेक्टर घायल हो गये। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

बेगूसराय जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

किशनगंज में एक एंबुलेंस से पुलिस ने आठ सौ अंठावन लीटर शराब जब्त की है। पुलिस ने वाहन को भी जब्त कर लिया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को अपनी सुर्खी बनाई है।

हिन्दुस्तान ने प्रदेश में रोजगार के बढ़ रहे अवसरों से जुड़ी खबर पर लिखा है– नौ सौ सोलह करोड़ के निवेश पर मुहर, छह हजार लोगों को मिलेगा रोजगार।

दैनिक जागरण ने नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में हो रही कार्रवाई का शीर्षक लगाया है– पटना और गोधरा की घटनाओं से एनटीए पर सवाल।

दैनिक भास्कर ने अग्निवीर की सेवा शर्तों में बदलाव की सम्भावना पर लिखा है– पचास फीसदी परमानेंट हो सकते हैं, सेवा काल बढ़ने की उम्मीद।

प्रभात खबर ने सरकारी स्कूलों की जांच के संबंध में शिक्षा विभाग के निर्देश का शीर्षक बनाया है– अब डीएम की निगरानी में ही की जायेगी स्कूलों की जांच।

आज अखबार लिखता है– एक जुलाई से बदल जायेंगे देश के कई कानून।

राष्ट्रीय सहारा ने जी–सेवन के शिखर सम्मेलन का शीर्षक लगाया है– वैश्विक स्तर पर भारत एक उभरती महाशक्ति।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्नीस जून को एक दिवसीय दौरे पर राजगीर आ रहे हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का करेंगे उद्घाटन।
02. प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छियालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।
03. प्रदेश में मॉनसून के बीस जून तक पहुंचने के आसार। उन्नीस जून की शाम प्रदेश में उत्तर–पूर्व से मॉनसून करेगा प्रवेश।
04. और, आज गंगा दशहरा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पटना, सिमरिया धाम, बक्सर, भागलपुर, मुंगेर और खगड़िया के विभिन्न गंगा घाटों पर सुबह से ही स्नान कर रहे हैं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।